दैनिक भास्कर 26/01/2023

# जीएमएन कॉलेज में नारा लेखन प्रतियोगिता करवाई



**अम्बाला** | जीएमएन कॉलेज में राजनीति विज्ञान विभाग व यारी इंटरनेशनल के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर नारा लेखन प्रतियोगिता करवाई। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों के बीच संवैधानिक दायित्वों को विकसित करना, सार्वभौमिक मताधिकार के बारे में जागरूकता पैदा करना, छात्रों को मतदान के महत्व के बारे में संवेदनशील बनाना रहा। प्रिंसिपल डॉ. वीके जैन ने मतदाता दिवस का इतिहास बताया। मौके पर राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. एसएस नैन मौजूद थे।